PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Dainik Bhaskar, Faridabad**
**Monday 8th June 2015, Page: 2**
**Width: 6.10 cms, Height: 6.73 cms, a4, Ref: pmin.2015-06-08.46.20**

# इंडियन मेडिकल एसोसिएशन मुख्यालय में जनऔषधि के बाद अब ओपीडी सेवा

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के आईटीओ स्थित मुख्यालय में जनऔषधि के बाद अब फ्री ओपीडी की भी सुविधा मिलेगी। सोमवार से नियमित तौर पर रोजाना 2 घंटे ओपीडी चलेगी। आईएमए महासचिव डॉ.केके अग्रवाल के मुताबिक आईएमए मुख्यालय में पॉयलट प्रोजेक्ट के तौर पर इस ओपीडी को शुरू किया जाएगा। फिलहाल यह ओपीडी सुबह 10 बजे से 12 तक चलेगी। प्रोजेक्ट के सफल होने पर इसका विस्तार किया जाएगा। डॉ.केके अग्रवाल का कहना है कि यह ओपीडी आईएमए स्लोगन के साथ चलेगा। यहां पर न केवल मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि जिन मरीजों को डायग्नोज से जुड़ी समस्याएं होंगी, उनके बारे में भी विशेषज्ञों की राय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

जन औषधि

7